


## एक नजर में

### नन्हे हाथ आज रचेंगे इतिहास, श्री गणेश निर्माण



**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। लोकमान्य तिलक महाआयोजन समिति के तत्वाधान में आज 23 अगस्त प्रात: 10 बजे चिमनगंज मंडी प्रांगण में 5000 नन्हें-मुन्ने बच्चे एक साथ अपने हाथों से मिट्टी के श्री गणेश जी का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम के सह संयोजक जगदीश पांचाल ने बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2020 में भी समिति के आव्हान पर 5000 विद्यार्थियों ने एक साथ श्री गणेश प्रतिमा बनाकर विश्व कीर्तिमान रचा था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष पुन: भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक एवं विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान में मातृशक्ति संस्था ने विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चों का मार्गदर्शन करने का संकल्प लिया है। वहीं श्री शक्ति सेवा महिला संगठन की महिलाएं भी मंडी परिसर में सहयोग कर बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, सांसद अनिल फिरोजिया सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। ऐतिहासिक आयोजन में मंडी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल द्वारा प्रसाद स्वरूप पेड़े वितरित किए जाएंगे। वहीं सुयश सेवा संस्था के देवेंद्र पांचाल की ओर से बच्चों को डाबर एनर्जीक फ्रूट जूस उपलब्ध कराया जाएगा। शहर के कारीगर इन दिनों मिट्अी के गोले तैयार कर रहे हैं ताकि कार्यक्रम के दिन 5000 गणेश प्रतिमाओं का सामूहिक निर्माण सुचारु रूप से हो सके। नागरिकों की सहभागिता और नन्हें कलाकारों के हाथों से एक साथ होने वाले श्री गणेश निर्माण का यह दृश्य न केवल उज्जैन, बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के लिए गर्व का विषय बनेगा।

### महावीर की यात्रा अंधकार से प्रकाश की यात्रा



**उज्जैन।** पर्युषण पर्वाधिराज के तृतीय दिवस में कल्प सूत्र प्रारंभ करते हुए डॉ. नीलांजना ने कहा कि परमात्मा महावीर का जीवन विकास की यात्रा है। महावीर की मधुर अमृतमयी कथा को जो सुन लेता है। वह स्वयं महावीर बन जाता है महावीर का जीवन जितना आदर्श है परमात्मा के पूर्व भव भी उतने ही प्रेरणास्पद है। पूर्वभव यदि समझ में आता है तो वर्तमान स्वत समझ में आ जाता है वर्तमान परिणाम है कि जब अतीत पुरुषार्थ है पुरुषार्थ से ही कार्य सिद्धि होती है। साध्वी ने परमात्मा महावीर के 27 भाव को भाव भरी शैली से विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भावों की गणना तब से प्रारंभ होती है जिस भाव में जीव सम्यक्तव प्राप्त करता है। अंधेरे से उजाले में जाना कृष्ण पक्ष से शुक्ल पक्ष बनना दृष्टिकोण का विशुद्ध हो जाना ही सम्यक्तव है। प्रभु वीर की आत्मा ने आहारदान के समय विशुद्ध भाव धारा में डूब कर सम्यक्तव प्राप्त किया है। बाद में क्रमश: जीवन का विकास करते हुए नयसार की आत्मा ने वासुदेव चक्रवर्ती जैसे संसार की पदवियों को भोगकर 27 वे भव में महावीर रूप में जन्म लिया है। प्रभु के पूर्व भावों को सुनकर हमें प्रेरणा का प्रकाश प्राप्त करना है। परमात्मा महावीर की रोमांचित करने वाली पूर्व भावों की यात्रा सुनकर हमें स्वयं के जीवन की समीक्षा करनी है। हमारी शक्तियों को प्रकट करके हमें परमात्मा बनने की दिशा में गतिमान होना है। समाज अध्यक्ष अशोक कोठारी ने बताया कि पर्युषण पर्वाधिराज के तृतीय दिवस में श्री अवंति पार्श्वनाथ जैन तीर्थ में आकर्षक अंगरचना रचयिता मांगीलाल जैन द्वारा की गई 24 अगस्त रविवार को शांतिनाथ जी उपाश्रय में भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन सुबह 9.15 बजे से बड़ी धूमधाम उत्साह से समाज जनों की उपस्थिति में मनाया जाएगा।

### शिप्रा के स्वच्छ पानी से ही होगा स्नान

**उज्जैन।** आज 23 अगस्त को शनिश्चरी अमावस्या पर्व पर त्रिवेणी शनि मंदिर घाट पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है जिससे दृष्टिगत रखते है निगम द्वारा समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। समाचार पत्र में त्रिवेणी घाट पर मिल रहा गंदा पानी, कल शनिश्चरी पर यहीं डुबकी लगाएंगे श्रद्धालु हैडिंग का प्रकाशन किया जाकर कान्ह नदी का गंदा पानी मिलने का समाचार प्रकाशित किया गया है। वास्तविकता यह है कि 23 अगस्त को शनिश्चरी अमावस्या होने से शनि मंदिर पर स्नान हेतु नर्मदा का पानी 17 अगस्त से जल संसाधन विभाग के आउटलेट नागफणी से निरंतर प्रवाहित किया गया, कुछ दिन से निरंतर बारिश होने से त्रिवेणी स्थित कान्ह नदी का पानी मिट्टी के बंड से ओवरफ्लो होकर निरंतर प्रवाहमान है। वर्तमान में देवास जिले में बारिश होने से क्षिप्रा बैराज के गेट .5 मीटर खोले जाने से नदी में बारिश का पानी प्रवाहमान है। जिससे जल स्तर शनि मंदिर घाट पर बना हुआ है व पानी की अधिकता होने से त्रिवेणी बैराज पर ओवरफ्लो भी हो रहा है। अत: त्रिवेणी घाट पर निरन्तर प्रवाहमान होता हुआ शिप्रा नदी का स्वच्छ पानी है जिससे शनिश्चरी अमावस्या का स्नान होगा। शनिश्चरी अमावस्या को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार निगम द्वारा त्रिवेणी घाट एवं आस पास पहुंच मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था, घास की छटाई, स्नान हेतु फव्वारे, कंट्रोल रूम, महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु चेंजिंग रूम, रैंप, पीए सिस्टम, रोड पर पेंचवर्क इत्यादि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। साथ है सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए 24 घंटे 3 शिफ्ट में सफाई मित्रों को लगाया गया है।

### दिल से दिल की बात, 24 अगस्त को

**उज्जैन।** ह्रदय रोग जैसी गंभीर बीमारी को ध्यान में रखते हुए एवं स्वास्थ्य समस्या पर जन-जागरूकता फैलाने हेतु संस्था सर्वसहाय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा दिल से दिल की बात का आयोजन 24 अगस्त को दोपहर 12 बजे से कालिदास अकादमी में किया जाएगा। इस अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल, इंदौर के एसोसिएट डायरेक्टर, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ. भारत रावत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे और ह्रदय रोग की बढ़ती गंभीरता, रोकथाम, हमारी दैनिक दिनचर्या व उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे। संस्था संस्थापक सुनील बारोड ने बताया कि संस्था पिछले 13 वर्षों से स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय है। इस जन जागरुकता आयोजन में प्रवेश नि:शुल्क है तथा सभी नागरिकों से इस अभियान में सहभागिता की अपील की है।

### शिविर का 31 अगस्त तक आयोजित

**उज्जैन।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने जानकारी दी कि जिले में धरती आबा जनजातिय उत्कर्ष ग्राम अभियान के अंतर्गत चयनित ग्रामों में शिविर आयोजित कर रोजगार एवं विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर लाभ प्रदान किया जाएगा। जिसमें आगामी 31 अगस्त तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर खाचरोद तहसील के ग्राम राजपुररायती, कड़ियाली महिदपुर तहसील के ग्राम रुद्रखेड़ा, तराना तहसील के ग्राम खाखरी सुल्तान, केसरपुर निपानिया, सूरजपुरा व बड़नगर तहसील के बरागाडी और रसूलाबाद में आयोजित किए जाएंगे।

### जिले में अभी तक औसत 518.5 मि.मी वर्षा हुई

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 9.4 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें उज्जैन तहसील में 9.0 मि.मी, घट्टिया 12.0 मि.मी., खाचरौद 9.0 मि.मी, नागदा 9.0 मि.मी, बडनगर 11.0 मि.मी, महिदपुर 9.0 मि.मी, झार्डा 8.0 मि.मी, तराना 15.2 मि.मी और माकड़ौन 2.0 मि.मी, वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अभी तक औसत 518.5 मि.मी वर्षा हो चुकी है जबकि गत वर्ष इसी अवधि में में 525.1 मि.मी वर्ष हुई थी।

# टनल में उतरकर मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा -यदि डर लगता तो सरकार नहीं गिराता

## प्रदूषण रोकने के लिए कान्हा क्लज डक्ट परियोजना देखने पहुंचे दो मंत्री, सिंहस्थ में 5 करोड़ लोग एक साथ स्नान कर सकेंगे



**उज्जैन। दूर से डरावनी दिखने वाली निर्माणाधीन जल संसाधन द्वारा बनाई जा रही टनल में जब मंत्री तुलसी सिलावट उतर गए तो उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें डर नहीं लगा। इस पर मंत्री ने कहा कि डर लगता तो सरकार नहीं गिरता।**

दरअसल सिंह 2028 के मद्देनजर खान नदी का प्रदूषण शिप्रा नदी में मिलने से रोकने के लिए कान्हा क्लज डक्ट योजना बनाई जा रही है। जिसका निर्माण जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को उज्जैन पहुंचे जल संसाधन मंत्री के साथ प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल भी थे। दोनों मंत्री जब गहरी टनल में उतरे तो उनसे सवाल पूछा गया कि उन्हें डर नहीं लगा। इस सवाल के जवाब में मंत्री सिलावट ने कहा ने कहा कि डर लगता तो सरकार नहीं गिराता। 30 मीटर नीचे बन रही टनल को देखने के लिए प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सतीश मालवीय और अन्य अतिथिगण भी टनल में उतरे और टनल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया, टनल से बाहर निकलने के बाद मंत्री गणों ने भारत माता की जय के नारे भी लगाए और कहा की यह ऐसी अद्भुत परियोजना है जिससे मां क्षिप्रा निर्मल और स्वच्छ होकर बहेगी।

श्रद्धालुओं की भावनाओं के अनुरूप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न धार्मिक पर्वों पर, अनुष्ठान के दौरान पर्याप्त स्वच्छ जल उपलब्ध कराये जाने के लिए विभाग द्वारा कान्ह नदी पर कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना संचालित की जा रही है। जिसकी लागत राशि लगभग 919.94 करोड़ रुपए है। परियोजना के अंतर्गत कान्ह नदी के दूषित जल को 18.5 किलोमीटर कट, कवर एवं 12 किलोमीटर टनल निर्माण कर उज्जैन शहर की सीमा के बाहर प्रवाहित किया जाएगा।

### कलेक्टर ने बताई परियोजना

सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों एवं परियोजनाओं का निरीक्षण शुक्रवार को जलसंधाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट व प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, नगर निगम सभापती कलावती यादव, विधायक सतीश मालवीय, संजय अग्रवाल, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कलेक्टर ने उन्हें पूरी परियोजना से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि सिंहस्थ 2028 मध्य प्रदेश के लिए एक स्वर्णिम अवसर है। इससे प्रदेश को एक नई अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी, उज्जैन विश्व पटल पर विकास के नए मापदंड के साथ पहचान बनाएगा। कान्ह डक्ट जैसी अद्भुत परियोजना उज्जैन में एक नई मिसाल कायम करेगी।

### 2400 करोड़ की योजनाएं 2027 तक पूरी होगी

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए जल संसाधन विभाग की 2400 करोड़ रुपए की परियोजनाऐं निर्माणाधीन है। ये सभी कार्य जून 2027 तक पूर्ण कर लियें जायेंगे। मंत्री सिलावट ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। टनल में किसी प्रकार का लिकेज न हों ओर एपॉक्सी केमिकल को जांच उपरान्त उपयोग किया जाए। पाईप जोड़ने के लिए भी गुणवत्ता का ध्यान रखें। मंत्री सिलावट ने अधिकारियों, मजदूरों और कर्मचारियों को कहाकि आपकी यह मेहनत उज्जैन को एक नई पहचान देगी। इस दौरान मंत्रीद्वय ने मजदूरों को मिठाई भी खिलाई।

### सिंहस्थ में स्वच्छ क्षिप्रा के जल से होगा स्नान

साथ ही क्षिप्रा नदी पर जल संसाधन विभाग द्वारा 9 बैराज का निर्माण उज्जैन जिले में 1, इंदौर जिले में 1, एवं देवास जिले में 7 बैराज एवं नगर निगम उज्जैन द्वारा कालियादेह स्टॉप डेम का मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कान्ह नदी पर 11 बैराजों उज्जैन जिले में 5 एवं इंदौर जिले में 6 का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सभी बैराजों का निर्माण लगभग 84.78 करोड रुपए की लागत से किया जा रहा है। सिंहस्थ 2028 के आयोजन के दौरान क्षिप्रा नदी को निर्मल अविरल एवं निरंतर प्रवाहमान बनाने के लिए सेवरखेडी सिलारखेडी मध्यम सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत लगभग 614.53 करोड रुपए की लागत राशि से कार्य किया जा रहा है।

# साधु बनकर आए बदमाशों ने वृद्धा की आंख में मिर्ची डालकर छीना था पर्स

## कैमरा की मदद से पुलिस ने पहचान कर मंदसौर से एक को दबोच



**उज्जैन। साधु की वेशभूषा में आये 2 बदमाशों ने वृद्धा को बताया कि पुत्र पर मौत का साया है। हम उसकी रक्षा करेगें, कुछ दान-पुण्य करना होगा वृद्धा घर में पैसे लेने गई तो साधु भी घर में आ गये और आंख में कुछ डालकर पर्स लूटकर भाग निकले। 6 दिन की तलाश के बाद पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथी की तलाश जारी है।**

मामला बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के दुर्गापुरा में रहने वाली 60 साल की कौशल्या बाई पति पीरूलाल के साथ होना सामने आया था। 14 अगस्त को वृद्धा घर के बाहर बैठी थी। उसी दौरान साधु की वेशभूषा में 2 महाराज आये। वृद्धा को अकेला पाकर बोले कि तुम्हारे लड़के पर किसी ने जादू टोना किया है, उस पर मौत का साया मंडरा रहा है। हम तुम्हारे बेटे की रक्षा के लिये धरम-करम करा देगें। मौत का साया हट जायेगा, लेकिन कुछ दान दक्षिणा देना पड़ेगी। वृद्धा महाराज की बात सुनने के बाद घर में रूपये लेने गई। दोनों महाराज पीछे-पीछे अंदर आ गये। घर में कोई नहीं था, वद्धा ने पर्स खोला और रुपए निकालने लगी, दोनों ने आंख में ज्वलनशील पदार्थ डाला और पर्स लूटकर भाग निकले। पर्स में 3 हजार रुपए नगद और सोने के टॉप्स रखे थे। वृद्धा ने परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। 6 दिन की तलाश के बाद पुलिस मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ स्थित ग्राम सुठौद पहुंची, जहां से लूट में शामिल चौथमल पिता हजारीलाल भाट 37 साल को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसने साथी के साथ पर्स लूटना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सोने के टॉप्स, 22 सौ रुपए नगद और वारदात के बाद भागने में प्रयुक्त की गई बाइक बरामद की है। लेकिन साथी फरार होना सामने आया है जिसकी तलाश जारी है।

### कैमरों से मिला कथित साधुओं का सुराग

थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि वृद्धा के साथ हुई लूट की घटना के बाद बदमाशों की तलाश के लिये एएसआई भूरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक गोपाल चावला, प्रद्युमन सिंह, नरेन्द्रसिंह, आरक्षक संदीप यादव, चेतन जयसवाल की टीम बनाई गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये गये। जिसमें कथित दोनों साधु कैद दिखाई दिए। जिसके आधार पर तलाश शुरू की गई। बुधवार को पता चला कि लूट में शामिल बदमाश मंदसौर के रहने वाले है। पुलिस की टीम मंदसौर के मल्हारगढ़ पहुंची और तलाश कर चौथमल को गिरफ्तार कर लिया गया।

# थाने पहुंची महिला ने खाया जहर

## पुलिस ने पति को अवैध शराब के साथ पकड़ा था

**उज्जैन। बीती रात को पुलिस ने जहरीली शराब के साथ एक युवक को हिरासत में लिया। जो पूर्व में जिंजर कांड का आरोपी था। देर रात पत्नी थाने पहुंची और जहरीला पदार्थ खा लिया। पत्नी ने पुलिस पर झूठा मामला दर्ज करने का आरोप लगाया है।**

खाराकुआं थाना पुलिस में डाबरी पीठा स्थित सुने कॉम्पलेक्स से जूना सोमवारिया के रहने वाले सिकंदर पिता वहीद खान को 5 लीटर जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किया था। देर रात पत्नी शबनम थाने पहुंची और पुलिस पर झूठा प्रकरण दर्ज करने का आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उनसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। शबनम का आरोप था कि पति पूर्व में नगर निगम गैंग में काम करते थे और जिंजर कांड में उनका नाम आया था। न्यायालय ने पति को जमानत पर रिहा कर दिया था उसके बाद से ही पुलिस परेशान कर रही है। गुरुवार को पति छत्री चौक क्षेत्र में फुटपाथ पर दुकान लगाकर बैठे थे इस दौरान पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। मामले में थाना प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

### श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ने से मौत

उज्जैन। गुजरात से महाकाल दर्शन करने आए श्रद्धालु की सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल लाया गया जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गुजरात के बजनाकाठ, निवासी चंदू पिता मेवाजी ठाकुर 50 वर्ष अपने परिवारजनों के साथ गुरुवार को महाकाल दर्शन करने के साथ अन्य देव स्थलों की यात्रा के लिए उज्जैन पहुंचे थे। परिवार ने कार्तिक चौक स्थित धर्मशाला में किराये से कमरा लिया था। आज सुबह चंदू ठाकुर की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। आशंका जताई गई कि हार्टअटैक होने से मौत हुई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मामले में मर्ग कायम किया गया है।

### हिंदूवादी संगठन ने किया धरना प्रदर्शन

**उज्जैन।** हरसिद्धि, महाकाल, चार धाम मंदिर, कहारवाड़ी, क्षेत्र के व्यापारियों के समर्थन में मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास, हिंदू टाइगर फोर्स भारत, राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत, अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम उज्जैन निगम अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। निगम कमिश्नर के आदेश पर हरसिद्धि, महाकाल, चारधाम मंदिर, कहारवाड़ी, नरसिंह घाट, रामघाट के व्यापारियों का व्यापार बंद कर दिया गया है। इसके विरोध में मस्त बालवीर हनुमान मंदिर हरसिद्धि की पाल पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास के संस्थापक व अध्यक्ष हिंदू टाइगर फोर्स भारत के राष्ट्रीय महासचिव मनीष सिंह चौहान, मध्य प्रदेश युवा शिवसेना गौ रक्षा न्यास के व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कृष्णा परमार ने बताया कि बिना वजह नगर पालिका निगम ने व्यापार जबरन बंद कर दिया है। जिससे व्यापारियों को कई प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। महाकाल मंदिर के आसपास कोई बड़ा उद्योग व्यापार नहीं है, इसी के चलते सारे व्यापारी कंकू, मेहंदी, भगवान के फोटो, धार्मिक पुस्तक, फूल प्रसाद, भक्ति भंडार की दुकान लगाकर अपना जीवन यापन करते हैं। अपने बच्चों का पेट पालते हैं लेकिन निगम कमिश्नर के एक निर्देश पर 3000 से ज्यादा परिवार को भुखमरी की ओर आगे बढ़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है। धरना स्थल पर हिंदूवादी नेता रूपेश ठाकुर, हिंदू महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संत महासभा के नीलेश आनंद तिवारी ने संबोधित किया। ज्ञापन लेने के लिए निगम अपर आयुक्त उपस्थित रहे। मनीष सिंह चौहान ने कहा हम तब तक आंदोलन करते रहेंगे जब तक हमारे व्यापारी बंधुओं को व्यापार करने की अनुमति नहीं मिलेगी। धरना स्थल पर नरेश सिंह चौहान, विश्वास सिंह चौहान, रणवीर सिंह चौहान, दिनेश, मुकेश, प्रवीण, ललिता, मंजू, पूनम सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# कपड़े-मोबाइल से बाइक चुराने वालों की तलाश

## कुछ मिनट में चुराई थी 3 बाइक, पीछा करने पर भी नहीं आए हाथ



**उज्जैन। तिरुपति सॉलिटेयर कॉलोनी में बुधवार गुरुवार रात आधा दर्शन बदमाशों ने कुछ मिनट में ही तीन बाइक चुराने की वारदात को अंजाम दे दिया था। बदमाशों का पीछा पुलिस ने किया लेकिन हाथ नहीं लग पाए। एक बाइक अनियंत्रित होने के बाद फिसल गई थी जिस बदमाश छोड़कर भाग निकले थे। बदमाशों के कपड़े और मोबाइल रखा बैग पुलिस के हाथ लगा है। जिसके आधार पर तलाश की जा रही है।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र में बुधवार गुरुवार रात को 6 बदमाश पहुंचे थे। तिरुपति सालिटेयर कॉलोनी में रहने वाले अमित सक्सेना के घर के बाहर खड़ी तीन बाइक कुछ मिनट में ही चोरी कर ली थी बाइक जंजीर से बंधी थी जिसे बदमाशों ने अपने साथ ले गए औजारों से काटा था। बाइक का हैंडल लॉक लगा होने पर चार बदमाशों ने मिलकर तोड़ा और भाग निकले थे। क्षेत्र में मूवमेंट कर रही पुलिस ने बदमाशों को भागते हुए देख लिया था। जिनका काफी दूर तक पीछा किया। इस दौरान एक बाइक पर सवार बदमाश रफ्तार को नियंत्रित नहीं रख पाया और बाइक फिसल कर गिर गई। बदमाश चुराई गई बाइक को छोड़कर भाग निकले। लेकिन बदमाशों का बैग भी मौके पर गिर गया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर तलाशी ली तो उसमें कपड़े और एक मोबाइल रखा होना सामने आया। पुलिस अब कपड़े और मोबाइल के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस का मानना है कि बदमाश कंजर गिरोह से जुड़े हुए हैं। वारदात के दौरान यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाश दिखाई भी दिए हैं जिनके चेहरों पर नकाब बंधा हुआ था। चार बदमाशों ने बाइक चोरी को अंजाम दिया। दो बदमाश आसपास नजर रख रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि बाइक चुराने वाले मक्सी शाजापुर की ओर भागे हैं।


**महाकाल में घटना..** संध्या आरती से पूर्व अचानक गिर गया था श्रृंगार, पूर्व में भी हो चुकी ऐसी घटना

# महाकाल का भांग श्रृंगार गिरा, ज्योतिषी बोले-यह अप्राकृतिक घटना के संकेत

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। भगवान महाकाल भगवान का भांग श्रृंगार संध्या आरती से पहले अचानक गिर गया। यह घटना 18 अगस्त की शाम को हुई। इसका वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला चर्चा में आया। इस प्रकार की घटना पूर्व में भी हो चुकी है। लेकिन ज्योतिषि का कहना है कि यह अप्राकृतिक घटना के संकेत हो सकते हैं।**

संध्या आरती से पहले बाबा महाकाल का पुजारी रोजाना ही भांग व ड्रायफ्रूट्स आदि से विशेष श्रृंगार करते हैं। आरती से ठीक पहले अचानक से यह श्रृंगार गिर गया। पुजारियों ने तत्काल भगवान का वापस से श्रृंगार किया। इस घटना को लेकर उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने कहा कि श्रृंगार गिरने के कई कारण होते हैं। गर्भगृह के अंदर मूर्ति व भूमि का प्राकृतिक वातावरण भी इसका एक प्रमुख कारण हो सकता है। साथ ही हो सकता है जिस समय श्रृंगार किया जा रहा हो धर्म का प्रभाव कम हो व श्रृंगार कर्ता का ध्यान बंटा हो। इस तरह की घटनाएं आने वाले समय में अप्राकृतिक घटनाओं के संकेत भी माने जा सकते हैं।



### 27 अगस्त से गणेश उत्सव, चिंतामन में गर्भगृह के बाहर से होंगे दर्शन

गणेश चतुर्थी इस बार 27 अगस्त को आ रही है। उसी रोज से 10 दिन गणेश उत्सव शुरू होगा। उज्जैन के प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में दर्शन के लिए हजारों भक्त उमड़ेंगे। चिंतामन गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी गणेश गुरु ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे मंदिर के पट खुल जाएंगे। इसके बाद भगवान का पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार कर पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सिंदूर व वर्क का चोला चढ़ाया जाएगा। इसके पश्चात भगवान का आकर्षक श्रृंगार होगा। रात 10 बजे तक निरतंर मंदिर में आम दर्शन होंगे। अधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंध समिति ने गर्भगृह में प्रवेश बंद रखकर बाहर से ही दर्शन कराने का निर्णय लिया है। मंदिर में 10 दिनों तक दर्शन के लिए उमड़ने वाले श्रद्धालुओं को लड्डू वितरित किए जाएंगे।

### बुध अभी मार्गी, 30 तक कर्क राशि में रहेंगे फिर सिंह राशि में जाएंगे

बुध ग्रह अभी मार्गी हो गए हैं जो 11 अगस्त से वक्री थे। 30 अगस्त को ये कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इस परिवर्तन का कई जगह असर देखने को मिलेगा। क्योंकि बुध नो ग्रहों में राजकुमार हैं और व्यापार-व्यवसाय पर इनका गहरा असर होता है। बुध ने 22 जून को कर्क राशि में प्रवेश किया था और इतने समय बाद अब बुध का राशि परिवर्तन होने जा रहा है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि बुध ग्रह विशेष रूप से बुद्धि, वाणी, तर्क, व्यापार, लेखन, और संचार का प्रतिनिधित्व करते हैं। बुध ग्रह मिथुन और कन्या राशियों के स्वामी है और जब यह किसी राशि में प्रवेश करते हैं तो इसका असर सभी राशियों पर सकारात्मक या नकारात्मक रूप में देखने को मिलता है। इस बार बुध का कर्क राशि में गोचर है।